an>

Title: Need to give license for setting up a currency chest at SBI, Sheohar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिले में 34 से अधिक राष्ट्रीयकृत बैंक हैं, किन्तु किसी बैंक के पास अपना करेंसी चेस्ट नहीं है। करेंसी चेस्ट का लाइसेंस रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया देता है। शिवहर जिले में बैंक ऑफ बड़ौदा को रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया ने लाइसेंस दे रखा है, जो जिले का अग्रणी बैंक है, फिर भी विगत 5-7 वर्ष से लाइसेंस रहने के बावजूद वह करेंसी चेस्ट नहीं खोल पा रहा है। नतीजा यह है कि जिले के बैंकों द्वारा लेनदेन का काम सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर जिले से मंगाकर पूर्ति की जाती है, जिसके कारण लोगों को कैश के अभाव जैसी समस्याओं से परेशान होना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि शिवहर जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र है तथा दूसरे जिलों से वहां पैसा आने-जाने में रिस्क है। मेरा मानना है कि यदि बैंक ऑफ बड़ौदा को कोई कठिनाई हो रही है तो वैसी स्थिति में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में करेंसी चेस्ट खोलने का लाइसैंस देकर कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी शिवहर द्वारा भी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को संज्ञान में दिया गया है।

अतः सदन के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शिवहर में करेन्सी चेस्ट खोलने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके।